**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 833**
**बुधवार, 7 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र का उन्नयन**

**833. डॉ. डी. रविकुमार:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) दिसम्बर, 2023 में तमिलनाडु में हुई अभूतपूर्व वर्षा के कारण हुई भारी क्षति के आलोक में, चेन्नई में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र के उन्नयन के लिए सरकार द्वारा क्या विशिष्ट कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;

(ख) क्या क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा पहले से ही रेड अलर्ट स्थितियों का पूर्वानुमान लगाने में असमर्थता, जिससे राज्य सरकार को समय पर तैयारी करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, के संबंध में तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा उठाई गई चिंताओं का समाधान करने की केंद्र सरकार की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस सम्बन्ध में समय-सीमा का ब्यौरा क्या है और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय कार्यान्वित करने का विचार रखती है कि क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र विशेष रूप से भारी वर्षा और संभावित आपदाओं जैसी गंभीर स्थितियों के लिए मौसम का सटीक और समय पर पूर्वानुमान जारी करने में सक्षम हो?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) वर्तमान में, भारत मौसम विज्ञान विभाग और चेन्नई सहित इसके क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, भारी वर्षा की चेतावनियों और प्रचंड मौसम की घटनाओं के कारण होने वाले संभावित प्रभावों को जारी करने के लिए आधुनिक प्रेक्षण और पूर्वानुमान प्रणालियों से लैस हैं।

(ख) दिसंबर, 2023 के दौरान तमिलनाडु राज्य में दो प्रमुख अत्यधिक वर्षा की घटनाएं हुई। पहली घटना 3-5 दिसंबर, 2023 और दूसरी घटना 17 दिसंबर, 2023 को देखी गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, चेन्नई ने भारी और अत्यधिक वर्षा की उन घटनाओं के लिए क्रमशः ऑरेंज और रेड कलर-कोडेड चेतावनियां पहले ही जारी कर दी गई।

(ग) भारत मौसम विज्ञान विभाग में प्रेक्षण, पूर्वानुमान और प्रसारण प्रणालियों का आधुनिकीकरण और उन्नयन एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। तथापि, कम समय के अंतराल में होने वाली अत्यधिक वर्षा की स्थानीय घटनाओं का कालिक और स्थानिक अनुमान लगाना अभी भी एक चुनौती है।

*****